चारदीवारी के लोगों ने घर खरीदने के लिए की विजिट

योजना में पंजीकरण आज से शुरू

जयपुर। बुधवार नीलामी उत्सव के तहत सभी के लिए किश्तों में आवास योजना का लाभ उठाते हुए घर खरीदने के लिए आम लोगों में क्रेज देखने को मिल रहा है। जयपुर के प्रतापनगर स्थित आवासन मंडल के गोमती, गंगा और प्रताप अपार्टमेंट के आवासों को खरीदने के लिए रविवार को इच्छुक खरीददरों की भीड़ उमड़ पड़ी। आवासन मंडल की ओर से शनिवार और रविवार को मौका दिखाने की विशेष व्यवस्था की गई है। इसमें चारदीवारी के सैकड़ों लोग भी शामिल थे। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शांति धारीवाल ने 27 मई को सभी के लिए किश्तों में आवास योजना को लॉन्च किया था। मंडल के आवास उचित कीमत पर उपलब्ध होने, प्राइम लोकेशन पर स्थित होने और उनमें पानी, बिजली, सड़क, पार्किंग जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं होने की वजह से आम जन में लोकप्रिय हो रहे हैं।

दस प्रतिशत दीजिए और गृह प्रवेश कीजिए

इस योजना के तहत आवासन मंडल ने मकान की कीमत का 10 प्रतिशत दीजिए और गृह प्रवेश कीजिए का नारा दिया था। इस योजना के तहत आमजन को 39 शहरों की 45 योजनाओं में 50 फीसदी तक की छूट पर किश्तों में आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। यह आवास 13 वर्षों की 156 आसान मासिक किश्तों पर उपलब्ध करवाए जाएंगे। इस योजना का पंजीकरण एक जून से शुरू किया जाएगा और ई-बिड सबमिशन 8 जून से शुरू होगा।